ध्वजारोहण किया। तोडियाल, रविंद्र बलवाल, इ

# जेबीआईटी ग्रुप में एक सप्ताह का स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम हुआ शुरू

पंजाब केसरी

विकासनगर, 16 अगस्त (सुरेश) : जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शंकरपुर-सहसपुर में नये छात्रों के लिये एक सप्ताह तक चलने वाले इंडक्शन प्रोग्राम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डा. ओंकार सिंह, विशिष्ट अतिथि आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर डा. एसके घोष और ग्रुप के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने संयुक्त रूप से दीप जला किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को कहा कि ये तीन- चार वर्ष साल उनके जीवन के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है,

*अतिथियों को सम्मान देते संस्थान के छात्र ।*

बताया उनको एकाग्रता, लगन और कडी मेहनत कर पढ़ाई करने पर सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। विशिष्ट अतिथि प्रो0 डा0 एसके घोष ने छात्रों मार्गदर्शन कर जीवन में आने वाली परेशानियों को बता उनका समाधान किस निकालें की विस्तार से समझाया। इस मौके पर छात्रों को अनुराग उपाध्याय प्रोग्राम मैनेजर एसेंचर अरुण राय प्लांट हेड हनीवेल आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने बताया कि छात्रों के लिए शुरू हुआ इंडक्शन कार्यक्रम एक हफ्ते तक चलेगा। इसमें तकनीकी, उद्योग सहित अन्य कई क्षेत्रों के विशेषज्ञ छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे।

संस्थान के सेक्रेटरी रजत सिंघल, निदेशक डा0 पीके चौधरी, रजिस्ट्रार डा. विशांत कुमार, डा. संदीप चौधरी, डा. अरुण मौर्य, किशोर भट्ट, दीपक अग्रवाल, डा. संजीव गिल आदि शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

आयोजन | जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन सेलाकुई में आयोजित किया गया इंडक्शन कार्यक्रम, अतिथियों को किया गया सम्मानित

# छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के बारे में बताया

जेबीआईटी सेलाकुई में छात्र-छात्राओं के लिए बुधवार को इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। • हिन्दुस्तान

सेलाकुई, संवाददाता। जेबीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन में नए छात्र-छात्राओं के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ.ओंकार सिंह ,डॉ. एसके घोष आईआईटी रुड़की और ग्रुप के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की बारीकियों से रूबरू कराया गया।

कार्यक्रम में डॉ. ओंकर सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह तीन-चार साल अपके जीवन के बहुत महत्वपूर्ण है। कहा इन सालों मे अगर छात्र-छात्राओं ने एकाग्रता, कठिन मेहनत और लगन से पढ़ाई कर ली तो उन्हें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नई एजुकेशन पॉलिसी के बारे में भी समझाया और विश्वविद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं के लिए किया जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया। साथ ही छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभवों को भी साझा किया। प्रोफेसर डॉ. एसके घोष ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की बारीकियों से रूबरू कराया और इसमे क्या परेशानियां आती हैं, उनका समाधान किस प्रकार से निकाला जाए, इसके बारे में विस्तृत रूप से समझाया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने मुख्य अतिथि सहित सभी आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अरूण राय, रजत सिंघल, डॉ. पीके चौधरी, डॉ. विशांत कुमार, डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. अरुण मौर्य, किशोर भट्ट आदि मौजूद रहे।